कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
लिफ्ट सिंचाई निर्माण खण्ड,
वरूणापुरम्, सिंचाई कालोनी, सिगरा
वाराणसी–221010

अल्पकालीन निविदा सूचना

संख्या–16/अअ/लिसिंनिख,वा/एम.एस. फ्लैंज/25 एम.एम./एन.पी.सी./20–21

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु **मूल निर्माता फर्मो** अथवा अनुभव प्राप्त **'ए' श्रेणी (यॉ0)** अथवा उच्चतर श्रेणी में, सिंचाई विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें **दिनांक 20.02.2021** को **अपरान्ह 02.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन **अपरान्ह 03.00 बजे** अधिशासी अभियन्ता, लिफ्ट सिंचाई निर्माण खण्ड, वाराणसी के कार्यालय में, उपस्थित ठेकेदारों/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र **दिनांक 05.02.2021** से **दिनांक 19.02.2021**, सायं 5.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में अधिशासी अभियन्ता, लिफ्ट सिंचाई निर्माण खण्ड, वाराणसी के कार्यालय से निर्धारित **शुल्क रू0 1,970.00 (कर सहित)** जमा कर निविदा प्राप्त कर सकते है। निविदा प्रपत्र सिचाई विभाग की वेब–साइट **(एचटीटीपीः//डब्लूडब्लूडब्लू.आईडीयूपी.जीओवी.इन)** से भी डाउनलोड किये जा सकते हैं परन्तु निविदा–प्रपत्र का मूल्य, रु0 1,970/– मात्र **अधिशासी अभियन्ता, लिफ्ट सिंचाई निर्माण खण्ड, वाराणसी** के नाम देय रेखांकित **भारतीय पोस्टल आर्डर/ डी.डी.** के रुप में निविदा ऑफर के साथ आवश्यक रुप से जमा किया जायेगा। निविदा–प्रपत्र का मूल्य, निविदा के साथ संलग्न न किये जाने की स्थिति में उनकी निविदा पर विचार नही किया जायेगा। निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु विभाग में पंजीकरण, जिलाधिकारी के स्वयं के हस्ताक्षर द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र (आई0डी0टी0–1) तथा हैसियत प्रमाण–पत्र (आई0डी0टी0–2) की मूल प्रतियॉ प्रस्तुत की जायेगी तथा उनकी सत्यापित प्रतियॉ, ठेकेदार अथवा उसके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निविदा ऑफर के साथ हार्ड कापी के रूप में जमा की जायेगी। अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा जो कि ठेकेदार द्वारा प्रदत्त अधिकार पत्र, जिसमे प्रतिनिधि का हस्ताक्षर प्रमाणित किया हो, भी निर्धारित शुल्क तथा उक्त अभिलेख प्रस्तुत कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है।

धरोहर धनराशि एन0एस0सी/एफ0डी0आर0 अथवा नियमानुसार अनुमन्य अन्य प्रतिभूति के रूप में जो कि अधिशासी अभियन्ता, लिफ्ट सिंचाई निर्माण खण्ड, वाराणसी के पक्ष में बन्धक होगी, जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

क0 सं0	कार्य का नाम	मात्रा	कार्य की अनुमानित लागत	धरोहर धनराशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	पंजीकृत श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	फैब्रीकेशन ऑफ एम0एस0 फ्लैंज ऑफ 25 एम0एम0 थिक प्लेट हैविंग इन्नर डाया 1400 एम0एम0, आउटर डाया 1650 एम0एम0, पीसीडी 1500 एम0एम0, 28 नं0 होल्स ऑफ 30 एम0एम0 डाया एण्ड कैरेज फ्राम वर्कशाप टू नरायनपुर पम्प कैनाल इंक्लूडिंग लोडिंग अनलोडिंग एट साईट एण्ड एज़ पर आई0एस0 2062, आई0एस0 1239।	100 जॉब	रू0 8.30 लाख	रू0 16,600.00 मात्र	रू0 1,970.00 (कर सहित)	03 सप्ताह	पंजीकृत मूल निर्माता/सिंचाई विभाग में **'ए' क्लास (विद्युत/यॉत्रिक)** अथवा उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत

नोट :–

1. यह निविदा सूचना, सूचना विभाग की वेबसाइट (http://upgov.up.nic.in) तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट (www.idup.gov.in) पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र को सिंचाई विभाग की वेबसाइट (www.idup.gov.in) से भी डाउनलोड किया जा सकता है किन्तु **निविदा मूल्य रू0 1,970.00**, **अधिशासी अभियन्ता, लिफ्ट सिंचाई निर्माण खण्ड, वाराणसी** के नाम राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत ड्राफ्ट के रूप में निविदा ऑफर के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।
2. वेबसाइट से डाउनलोड निविदा प्रपत्र और अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय में बिक्री के लिए उपलब्ध निविदा प्रपत्र में यदि कोई भिन्नता हो तो कार्यालय में उपलब्ध निविदा प्रपत्र ही मान्य होगा।

अधिशासी अभियन्ता
लिफ्ट सिंचाई निर्माण खण्ड, वाराणसी